दिन– मंगलवार

दिनांक– 27 / 08 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।

अवधि – 15 मिनट

---

01. राज्य सरकार ने स्पष्ट किया – संविदा पर कार्यरत कर्मियों को नियमित नियुक्ति में अधिकतम उम्र सीमा और कार्य अनुभव के आधार पर मिलेगी छूट।

02. केंद्र सरकार ने लोक शिकायतों के निवारण की समय सीमा तीस दिन से घटाकर इक्कीस दिन की।

03. राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा और भाजपा के मनन मिश्र के राज्यसभा के लिये निर्विरोध निर्वाचन की आज होगी घोषणा।

04. और, गंगा, गंडक, महानंदा तथा कोसी नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी से भागलपुर, कटिहार और खगड़िया जिले में बाढ़ की स्थिति हुई गंभीर।

---

राज्य सरकार अपने विभिन्न विभागों और कार्यालयों में संविदा पर कार्यरत कर्मियों को नियमित नियुक्ति की प्रारंभिक और मुख्य परीक्षा में विशेष छूट देगी। यह छूट उन्हें अधिकतम उम्र सीमा और कार्य अनुभव के आधार पर मिलेगी। संविदा नियोजन की कार्य अवधि के बराबर अवधि की छूट उम्र सीमा में मिलेगी। वहीं, कार्य अनुभव के तहत अधिकतम पांच अंक प्रति वर्ष के लिए मिलेगा। सामान्य प्रशासन विभाग ने पूर्व में लिए गए फैसले को लेकर स्पष्टीकरण जारी किया है। इसके अनुसार नियमित नियुक्ति के क्रम में संविदा नियोजित कर्मियों को अधिकतम उम्र सीमा और कार्य अनुभव के आधार पर मान्यता दी जानी है। लेकिन उम्र सीमा में छूट का लाभ वैसे मामलों में नहीं दिया जा सकेगा जहां कानून या नियुक्ति नियमावली के तहत इसकी अनुमति नहीं हो। विभाग ने सभी अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव, विभागाध्यक्ष, डीजीपी और सभी प्रमंडलीय आयुक्त को इसकी जानकारी अधीनस्थ पदाधिकारियों तथा कर्मियों को देने और इसका पालन कराने का निर्देश दिया है।

---

केंद्र सरकार ने लोक शिकायतों के निवारण की समयसीमा तीस दिन से घटाकर इक्कीस दिन कर दी है। सरकार की ओर से लोक शिकायतों के समयबद्ध, सुगम और सार्थक तरीके से निवारण के लिए इस संबंध में व्यापक दिशा–निर्देश जारी किए गए

हैं। कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय ने कहा है कि आम नागरिक अपनी शिकायतें www-pgportal-gov पर दर्ज कर सकते हैं। यह पोर्टल शिकायतों के निपटारे के लिए सिंगल विंडो सुविधा के रूप में कार्य करेगा। केंद्रीकृत लोक शिकायत निवारण और निगरानी प्रणाली के पोर्टल ने वर्ष दो हजार बाईस से दो हजार चौबीस के दौरान लगभग साठ लाख सार्वजनिक शिकायतों का निवारण किया है।

---

चिकित्सा कर्मियों की सुरक्षा और उनके कामकाज की स्थितियों के संबंध में सिफारिशें करने के लिए सर्वोच्च न्यायालय की ओर से गठित राष्ट्रीय कार्यबल की आज पहली बैठक होगी। सूत्रों के अनुसार यह बैठक नई दिल्ली में होगी। केन्द्र सरकार के कैबिनेट सचिव बैठक की अध्यक्षता करेंगे। सर्वोच्च न्यायालय ने कोलकाता में एक महिला चिकित्सक के साथ दुष्कर्म और हत्या से संबंधित मामले की सुनवाई के दौरान चिकित्सा कर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय कार्यबल का गठन किया था। न्यायालय ने इस कार्यबल को तीन सप्ताह में अपनी अंतरिम रिपोर्ट और दो महीने के अंदर अंतिम रिपोर्ट देने का निर्देश दिया है।

---

देश में अब खाद्य व्यवसायी ए–वन और ए–टू प्रकार के दूध और उससे बने उत्पादों की बिक्री पहले की तरह जारी रख सकते हैं। भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण–एफएसएसएआई ने हाल ही में इस संबंध में जारी अपना परार्मश वापस ले लिया है। इसमें प्राधिकरण की ओर से दूध और उससे बने उत्पादों की पैकेजिंग पर से ए–वन और ए–टू प्रकार के दावों को हटाने का निर्देश दिया गया था।

---

राज्य में तिलहन फसलों के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर और भारतीय तिलहन शोध संस्थान, हैदराबाद मिलकर काम करेंगे। बीएयू के कुलपति प्रो. दुनिया राम सिंह बताया कि सरसों, सोयाबीन, मूंगफली, तिल, तीसी, सूर्यमुखी, कुसुम, अरंडी और नाईजर की पैदावार बढ़ाने और इसकी उन्नत किस्म पर वैज्ञानिकों ने काम शुरू कर दिया है। उन्होंने बताया कि इन फसलों की बिहार में वर्तमान स्थिति का आकलन किया जा रहा है। साथ ही राज्य का कौन सा क्षेत्र इन फसलों के उत्पादन के लिए उपयुक्त है, इसकी समीक्षा की जा रही है।

---

राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा और भाजपा के मनन मिश्र के राज्यसभा के लिये निर्विरोध निर्वाचन की आज घोषणा की जाएगी। उप चुनाव के लिए आज नाम वापसी की अंतिम तिथि है। गौरतलब है कि इन दोनों सीटों के लिए किसी अन्य उम्मीदवार ने नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया है। राजद की मीसा भारती और भाजपा के विवेक ठाकुर के लोकसभा चुनाव जीतने के बाद ये दोनों सीटें खाली हुई हैं।

---

राष्ट्रीय लोक जन शक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पशुपति कुमार पारस ने कल नई दिल्ली में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। इस दौरान पूर्व सांसद प्रिंस राज भी मौजूद थे। सूत्रों ने बताया कि इस मुलाकात के दौरान बिहार के वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य पर मुख्य रूप से चर्चा हुई।

---

वक्फ बोर्ड कानून में संशोधन को लेकर गठित संयुक्त ससंदीय समिति, जेपीसी में जदयू अल्पसंख्यक समाज और उनके प्रतिनिधियों का पक्ष रखेगा। जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने ये जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पार्टी के प्रदेश कार्यालय में केंद्रीय मंत्री ललन सिंह के नेतृत्व में पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों तथा बिहार राज्य शिया और सुन्नी वक्फ बोर्ड के अध्यक्षों की बैठक हुई। बैठक में वक्फ बोर्ड के दोनों अध्यक्षों ने कानून में होने वाले संशोधन को लेकर अपना पक्ष विस्तार से रखा। कुछ दिन पहले दोनों बोर्ड के अध्यक्षों ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मिलकर अपनी बात रखी थी।

---

गंगा, गंडक, महानंदा और कोसी नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी से भागलपुर, कटिहार और खगड़िया जिले में बाढ़ की स्थिति गंभीर हो गई है। हमारे भागलपुर संवाददाता ने बताया कि गंगा के साथ–साथ कोसी नदी के बढ़ते जलस्तर के चलते कई नए इलाकों में बाढ का पानी फैल गया है।

———बाईट———

भागलपुर जिले में गंगा के बाद कोसी नदी भी उफान पर है। जिले के सोलह प्रखंडों में से आठ प्रखंड बाढ़ की चपेट में आ चुके हैं। सबौर में क्षतिग्रस्त डायवर्सन से होकर गंगा का पानी दक्षिणी हिस्से में फैल रहा है। रेल लाईन को पानी के दवाब से बचाने के

लिए रेलवे ने स्लुईस गेट के पास सुरक्षात्मक कार्य किये है।। साथ ही ट्रेन को कॉशन पर चलाने के निर्देश दिये गये हैं। इधर, जिले के चार प्रखंडों के कई विद्यालयों में बाढ़ का पानी प्रवेश कर जाने से पठन–पाठन प्रभावित हुआ है। जिला प्रशासन की ओर से बाढ़ प्राभावितों के बीच राहत और बचाव अभियान लगातार जारी है। आकाशवाणी समाचार के लिए भागलपुर से विनोद कुमार।

इधर, कटिहार जिले में गंगा, कोसी, और महानन्दा नदी में उफान से बाईस पंचायत के तिरेपन गांव बाढ़ से प्रभावित हैं। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से–

–––बाईट–––

खगड़िया से हमारे संवाददाता ने बताया कि गंडक, कोसी और गंगा नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी से बाढ़ की स्थिति में सुधार नहीं है।

–––बाईट–––

———————————————————

राजधानी पटना समेत आस–पास के हिस्सों में कल रात से ही रूक–रूक कर बूंदाबांदी हो रही है। मौसम विभाग ने आज रोहतास, कैमूर, औरंगाबाद, गया, भोजपुर, बक्सर और नवादा जिले के कुछ हिस्सों में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। शेष स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। इस दौरान कई स्थानों पर वज्रपात की भी आशंका है।

———————————————————

हाजीपुर के रामाशीष चौक पर राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या– इकतीस की ओर जाने वाली नवनिर्मित ओवरब्रिज का एक हिस्सा कल दोपहर धंस गया। यह पुल अंजानपीर और रामाशीष चौक के बीच रेलवे लाइन पर बना है। इसके बाद प्रशासन ने पुल पर आवागमन बंद कर दिया। राष्ट्रीय उच्च पथ प्राधिकरण के वरीय पदाधिकारी अमित कुमार रौशन ने कहा कि पुल धंसने की जांच की जाएगी और दोषियों पर कार्रवाई होगी।

———————————————————

पटना के जाने–माने चिकित्सक डॉ. बृजलाल से बीमा के नाम पर चार करोड़ बावन लाख रूपये ठगी करने के मामले में पुलिस ने दरभंगा के लहेरियासराय से आरोपी दम्पति को गिरफ्तार कर लिया है।

———————————————————

एसटीएफ और पटना पुलिस की टीम ने अंतरराज्यीय बैंक लुटेरा गिरोह के सरगना संतोष कुमार को उसके चार सहयोगियों के साथ गिरफ्तार कर लिया है। इन सभी पर पटना और शेखपुरा जिले में बैंक लूट के मामले दर्ज हैं।

---

पटना के दीघा गोलम्बर के पास उत्पाद विभाग की टीम ने दो तस्करों को भारी मात्रा में शराब के साथ गिरफ्तार किया है। वहीं, अररिया जिले के फारबिसगंज और सिमराहा थाना क्षेत्रों में पुलिस ने छापेमारी कर भारी मात्रा में शराब के साथ तीन तस्कर को गिरफ्तार किया।

---

पटना जिले के नौबतपुर और फतुहा थाना क्षेत्रों में डूबने से तीन बच्चों की मौत हो गई। वहीं, सीवान में तीन, गया में दो तथा रोहतास, बेगूसराय और जहानाबाद जिले में डूबने की घटनाओं में एक–एक व्यक्ति की मौत की खबर है।

---

अररिया जिले की फारबिसगंज पुलिस ने अपहृत और गुमशुदा दो नाबालिग बच्चों को सकुशल बरामद कर उनके परिजनों को सौंप दिया।

---

अखबारों की सुर्खियां.....

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**दैनिक भास्कर** की सुर्खी है – युदनंद नंदन देवकी – वसुदेव नंदन वंदन –– पटना के इस्कॉन मंदिर में वृंदावन की थीम पर मनी जन्माष्टमी।

**दैनिक जागरण** ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हवाले से लिखा है – आंखों का होगा विशिष्ट उपचार। आईजीआईएमएस में निर्माणाधीन विशिष्ट चक्षु अस्पताल का किया निरीक्षण।

**प्रभात खबर** ने इसी खबर को सुर्खी बनाते हुए लिखा है – पूर्वी भारत के सबसे बड़े आंख अस्पताल में छह सितम्बर से होगा मरीजों का इलाज।

**हिन्दुस्तान** की विशेष खबर है – स्कूलों के विकास पर छिहत्तर फीसदी माननीय उदासीन। **आज अखबार** ने लिखा है – बाढ़ वाले इलाकों में चल रहे पांच हजार स्कूल। **राष्ट्रीय सहारा** लिखता है – एनपीएस वालों को ही मिलेगा यूपीएस का लाभ।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. राज्य सरकार ने स्पष्ट किया – संविदा पर कार्यरत कर्मियों को नियमित नियुक्ति में अधिकतम उम्र सीमा और कार्य अनुभव के आधार पर मिलेगी छूट।

02. केंद्र सरकार ने लोक शिकायतों के निवारण की समय सीमा तीस दिन से घटाकर इक्कीस दिन की।

03. राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा और भाजपा के मनन मिश्र के राज्यसभा के लिये निर्विरोध निर्वाचन की आज होगी घोषणा।

04. और, गंगा, गंडक, महानंदा तथा कोसी नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी से भागलपुर, कटिहार और खगड़िया जिले में बाढ़ की स्थिति हुई गंभीर।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।